
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# दून में हुई आठ चोरियों का खुलासा 2 लोग गिरफ्तार

## लाखों का माल व हथियार बरामद

**सफलता**

**संवाददाता**

देहरादून। राजधानी दून में हुई आठ चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस ने कुख्यात शहजाद गैंग के दो शातिरों को लाखों के जेवरात व घटना में प्रयुक्त बाइक, मोबाइल व घातक हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया है। गैंग का सरगना शहजाद फरार है जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

एस.पी. सिटी श्वेता चौबे द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि विगत कई माह से अज्ञात चोरों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में बंद घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। चोरी की इन घटनाओं के खुलासे हेतू एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। चोरी की इन घटनाओं की जांच में जुटी पुलिस टीम को पता चला कि इन चोरियों को शातिर नकबजन शहजाद गैंग के सदस्यों द्वारा अंजाम दिया गया है। इस पर पुलिस ने अपनी जांच में तेजी दिखाते हुए बीती रात काली मन्दिर बसंत विहार के समीप से दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से बाइक, पिस्टल व रिवाल्वर मय कारतूस बरामद किया। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम शमीम पुत्र इलियास व दानिश पुत्र सलीम निवासी रूड़की बताया।

बताया कि वह कुख्यात नकबजन शहजाद गैंग के सदस्य है तथा उन्होने शहजाद के साथ मिलकर राजधानी दून में आठ चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा देर रात ही शहर में हुई इन चोरियों से सम्बन्धित लाखों की ज्वैलरी व कैश आरोपियों की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है।

पुलिस ने जिन चोरियों का खुलासा किया है उनमें बसंत विहार से पांच, शहर कोतवाली क्षेत्र की दो व थाना पटेलनगर की एक चोरी शामिल है।



पकड़े गए आरोपी।

## ऑनलाइन ठगी करने वाले गैंग के 3 शातिर गिरफ्तार

देहरादून। लाटरी, बीमा पालिसी व नौकरी दिलाने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए एसटीएफ की साइबर क्राइम पुलिस द्वारा तीन शातिरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से ठगी में प्रयुक्त दर्जनों एटीएम कार्ड, फर्जी पहचान पत्र, आधार कार्ड, 6 मोबाइल फोन व अनेको सिम भी बरामद किये है। साइबर पुलिस द्वारा एटीएम की सीसी फुटेज चौक की गयी तो तीन आरोपियों का पता चल गया जिसके बाद इन तीनों आरोपियों को ज्वालानगर विवेक विहार दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

## न्यूज डायरी

### जंगल में फंसे लोगों का किया गया रेस्क्यू

**(संवाददाता)** अल्मोड़ा। जिले में भी आफत की बर्फबारी जारी है। जिससे पूरे जिले का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। लोग अपने दैनिक कार्य करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों की सारी व्यवस्था चरमरा गयी है। शहर फाटक–मोतियापाथर मार्ग में सड़क पर एक फीट से अधिक बर्फ जम गई और कई पेड़ों के गिरकर सड़क जाम हो गया। जिसके चलते 10 सवारियों से भरी एक मैक्स देर रात जंगल मे फंस गई। हालांकि सूचना पर आपदा प्रबंधन और लोक निर्माण विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जंगल में फंसी मैक्स में सवार लोगों को रेस्क्यू किया। लोगों ने 5 किलोमीटर पैदल यात्रा की और सुरक्षित स्थान पर पहुंचे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो छात्रों की मौत

**(संवाददाता)** रुड़की। बाइक सवार दो छात्रों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। दोनों छात्र एक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे। एक छात्र कुमाऊं और दूसरा बिजनौर यूपी का रहने वाला था। एक साथ दो छात्रों की मौत पर कॉलेज में शोक की लहर है। पुलिस ने छात्रों के परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार खटीमा के बिगराबाद गांव निवासी रोहित (22) और हुसैनपुर बिजनौर यूपी निवासी शिवपाल सैनी (20) इमलीखेड़ा स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई करते थे। बताया जाता है कि दोनों छात्र बाइक पर सवार होकर किसी काम से भगवानपुर आए थे। वह बीती देर रात इमलीखेड़ा के लिए वापस लौट रहे थे। इस बीच सोलानीपुल के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में बीटेक चौथे वर्ष के छात्र शिवपाल की मौके पर ही मौत हो गई।

### बर्फबारीः दो दर्जन से अधिक गांवों का कटा संपर्क

**(संवाददाता)** उत्तरकाशी। उत्तरकाशी में कई दिनों से हो रही बर्फबारी अब लोगों के लिए आफत बन गई है। स्थिति ये है कि करीब 2 दर्जन से अधिक गांव बर्फबारी के कारण अलग–थलग पड़ गए हैं। वहीं उपला टकनौर के आठ गांवों में बिजली आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। उत्तरकाशी को देहरादून से जोड़ने वाला मार्ग मोरियाना टॉप बन्द हो गया है। इससे लोगों को अब ऋषिकेश–चंबा मार्ग से आवाजाही करनी पड़ रही है। जिले के करीब 35 गांव हिमयुग में लौट आए हैं. इसके अलावा जिले के 30 से अधिक गांव का सम्पर्क अभी भी जिला मुख्यालय से कटा हुआ है। बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे सुक्की में बन्द है।

## मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से चौपट कर दियाः इंदिरा हृदयेश

**संवाददाता**

देहरादून। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित भारत बचाओ रैली में भाग लेने पहुंची नेता विपक्ष इंदिरा हृदयेश ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से चौपट कर दिया है। देश के युवाओं से रोजगार छीना जा रहा है किसान और व्यापारी परेशान है।

इंदिरा हृदयेश ने कहा कि आज देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। मोदी सरकार ने वायदा तो किया था कि हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का लेकिन नोटबंदी के बाद करोड़ो लोगों का रोजगार चला गया।

**आज देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी**

उन्होने कहा कि अकेले सिडकुल में ही एक लाख लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ा है। आज सत्ता में बैठे लोग बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी पर एक शब्द भी बोलने को तैयार नहीं है। देश भर में प्याज की कीमतें आसमान छू रही है और सरकार का कोई नियंत्रण नही है।

उन्होने कहा कि सरकार के नोटबंदी और जीएसटी के निर्णयों ने देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है। व्यापारी निराश व किसान हताश है। अर्थव्यवस्था की ऐसी दुर्दशा पहले कभी नहीं रही जैसी आज है। उन्होने कहा कि गंगा स्वच्छता का सपना आज भी सपना बना हुआ है। देश भर में महिलाओं पर अत्याचार हो रहे है और सरकार मौन है। उन्होने कहा कि आज उत्तराखण्ड से आठ हजार के करीब कार्यकर्ता इस सोई हुई सरकार को जगाने के लिए यहां आये है। सूबे में भारी बर्फबारी और वर्षा हो रही है व मौसम बेहद खराब है।

इस भारत बचाओ रैली को आज राहुल गांधी, सोनिया गांधी तथा प्रियंका गांधी ने भी सम्बोधित किया। उधन कांग्रेस की भारत बचाओ रैली में बेरोजगारी के मुद्दे को जोर शोर से उठाये जाने पर भाजपा नेता अजय भट्ट का कहना है कि यह कांग्रेस का नकारात्मक दृष्टिकोण ही है अब लोग कौशल विकास के जरिए स्व रोजगार की ओर बढ़ रहे है।

## माल रोड पर होटल का एक भाग क्षतिग्रस्त होकर गिरा, मची अफरा–तफरी

**संवाददाता** मसूरी। माल रोड पर चिक चॉकलेट के पास रीगल होटल का एक भाग क्षतिग्रस्त होकर गिर गया, जिससे होटल के सामने स्थित रॉक वुड होटल को नुकसान पहुंचा है। किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग पूर्व से ही क्षतिग्रस्त थी और होटल मालिक द्वारा मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासन को सूचना दे दी गई थी। वहीं मरम्मत के लिए भी अनुमति मांगी गई थी।लेकिन समय से अनुमति नहीं मिलने के कारण बिल्डिंग का एक भाग शुक्रवार की देर रात भर–भराकर गिर गया। अगर ऐसा दिन में होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।मसूरी कोतवाल विद्या भूषण सिंह नेगी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूर्व से ही बिल्डिंग की हालत काफी खराब थी और उसे लेकर होटल स्वामी से लगातार इस संबंध में बताया जा रहा था, लेकिन होटल स्वामी द्वारा भी बिल्डिंग की मरम्मत करने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

## शहीद सूबेदार अनिल कुमार को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी दून के गढ़ी कैंट चांदमारी निवासी सेना में तैनात सूबेदार अनिल कुमार का अंतिम संस्कार आज टपकेश्वर स्थित शमशान घाट पर हुआ। इस दौरान सैकड़ों लोगों सहित सेना के अधिकारियों ने वहां मौजूद रहकर उन्हे अंतिम विदाई दी। विदित हो कि कुछ दिन पहले लेह लद्दाख में आये एवलांच में शहीद हुए देहरादून निवासी सूबेदार अनिल कुमार का पार्थिव शरीर आज सुबह उनके आवास पर पहुंचा था। सूबेदार अनिल कुमार के पार्थिव शरीर के दून स्थित उनके आवास पर पहुंचने की सूचना मिलते ही वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गयी। जिसके बाद उन्हे लोगों ने नम आंखो से विदाई दी।

बताया जा रहा है कि सूबेदार अनिल कुमार कुछ दिन पहले लेह लद्दाख में आये एवलांच में दबकर शहीद हो गये थे जिन्हे बाद में सेना के जवानों ने राहत बचाव कर बर्फ से निकाला था। जिनका अंतिम संस्कार आज सैन्य सम्मान के साथ किया गया।



शहीद सूबेदार अनिल कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए।